an>

Title: Regarding damage to environment and loss of cultivable land due to illegal mining of sand in Bhadohi Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) : सभापति जी, बहुत ही गम्भीर सवाल पर इस सदन में चर्चा करने के लिए खड़ा हुआ हूं और वह सवाल है पर्यावरण के भारी नुकसान का। बिहार के झारखण्ड के लोगों ने भी पर्यावरण की क्षति पर, पर्यावरण के अपहरण आपसे और इस सदन में चर्चा की है। मेरा संसदीय क्षेत्र इलाहाबाद और बनारस के बीच में है। मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि वहां भारी मात्रा में बालू का खनन गंगा के किनारे हो रहा है। सबसे चिंता का विषय यह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्देश दिया है कि अवैध खनन और बालू की क्षति पर वहां की सरकार विशेष ध्यान दे। इसके लिए उत्तर प्रदेश की सरकार ने जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदार ठहराते हुए, अवैध खनन पर रोक लगायी थी। मेरे संसदीय क्षेत्र भदोही में कुछ दिन के लिए रोक जरूर लगी, लेकिन उसके बाद से पुनः बालू माफिया ने प्रशासन के निचले अधिकारी और प्रशासन से मिल कर भारी मात्रा में अवैध बालू खनन शुरू कर दिया। अवैध बालू खनन के कारण गंगा के किनारे लगभग 32 लोगों की गंगा में डूबने के कारण मृत्यु हो चुकी है।

HON. CHAIRPERSON: In 'Zero Hour', you have to only mention it because of time constraint.

19.00 hrs

श्री वीरेन्द्र सिंह : माननीय सभापति जी, लेकिन मेरी बात सुनिए। मैं संसदीय क्षेत्र के प्रश्न को उठा रहा हूं और इसीलिए यहां चुनकर आया हूं कि संसदीय क्षेत्र के सवाल को मुकम्मल तरीके से उठाऊंगा और इस संसद को सुनना चाहिए और इस संसद में मुझे कहना भी चाहिए। यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। ...(व्यवधान) इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि केवल राजस्व की ही क्षति नहीं हो रही है। वहां दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। सड़क जिस मानक से बनाई जा रही है, उस पर भारी लोड लिये वाहन चलते हैं और वह सड़क भी टूट रही है और सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि जहां कानून का पालन होना चाहिए, कानून के शासन के पालन करने वाले लोगों से मिलकर बालू माफिया वहां बालू खनन करा रहे हैं। पर्यावरण मंत्रालय भी उसके निर्देश दे सकते हैं और केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय राज्य सरकार को उस बालू खनन को रोकने के लिए निर्देश दे सकता है। चिंता की बात यह है कि राज्य सरकार ने वहां के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदार ठहराया है तथा बालू खनन यदि इसके बाद भी नहीं रुकता है तो संघीय व्यवस्था में जब राज्य में कानून व्यवस्था काम नहीं करेगी तो मैं समझता हूं कि केन्द्र की सरकार को उसमें जरूर हस्तक्षेप करना चाहिए, इसीलिए मैं यह सवाल उठा रहा हूं। यह बहुत ही गंभीर मामला है और आपके माध्यम से मैं आपसे अपने अधिकारों का संरक्षण चाहूंगा।...(व्यवधान) इसलिए मैं आपसे कहना चाहूंगा कि अगर बालू माफिया बालू खनन को रोकेगा नहीं तो एक दिन बहुत बड़ा सवाल इसी सदन में उठेगा जिसे रोक पाना बहुत मुश्किल होगा।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Yes, you can associate with the issue raised by the hon. Member.

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Kindly send slip at the Table for the same.

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Thank you.

...(*Interruptions*)

माननीय सभापति : डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा उठाये गये विषय के साथ श्री बी.विनोद कुमार को भी एसोशिएट किया जाए।

â€¦(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Now, only Shri Rabindra Kumar Jena's submission will go on record.

(Interruptions) â€¦*

SHRI RABINDRA KUMAR JENA (BALASORE): Sir, thank you so much for giving me an opportunity to speak on a subject ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please wait for a minute.

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: If the House agrees, the time of the House may be extended till the completion of the '*Zero Hour*'.

SEVERAL HON. MEMBERS : Yes, Sir.

HON. CHAIRPERSON: Thank you.